# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा अपहृता की सकुशल बरामदगी करते हुए सम्बंधित वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी" के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के निर्देशन में उ0नि0 चन्द्रप्रताप सिंह मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 164/2026 धारा 64(2)m,87,137(2) BNS व 3(2)(v) SC/ST एक्ट व 5(L)/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अपहृता की सकुशल बरामदगी करते हुए मुकदमे में सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रियाजुद्दीन अंसारी पुत्र महीब अंसारी उर्फ महीबुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम बेतनार थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को चिताही तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.रियाजुद्दीन अंसारी पुत्र महीब अंसारी उर्फ महीबुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम बेतनार थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 चन्द्रप्रताप सिंह थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.हे0का0 चन्द्रशेखर यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
03.हे0का0 अमरेश कुमार पाण्डेय थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
04.म0का0 रुपा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना उसका बाजार कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल महुआ में मानक के अनुरूप बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया एवं आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना उसका बाजार के नेतृत्व में संचालित कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19.09.2026 को थानाक्षेत्र के सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल महुआ जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया। आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकगणों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

1.उ0नि0 रामप्रसाद
2.हे0का0 नौमीनाथ
3.म0का0 अंशू शुक्ला

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण कार्यक्रम के तहत थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय असनहरा में बच्चियों को नए कानून, मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बाँसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय असनहरा में मिशन शक्ति के सम्बन्ध में जाकर बालिकाओं /महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान के तहत रामनगर चौराहा मे एंटीरोमियो चेकिंग मे वाहन व व्यक्ति को चेक किया गया जिसमे 02व्यक्तियो से माफीनामा एवं हिदायत मुनासिब करते हुये साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बिभिन्न जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन , 108, एंबुलेंस सेवा , 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन, 102, स्वास्थ्य सेवा , 181 वीमेन हेल्पलाइन , 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम**

1.उ0नि0 उदय सिंह

2.रि0म0आ0 आंचल यादव

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के डॉ0 जाकिरहुसैन पब्लिक स्कूल औरहवा की बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व चन्द्रकान्त पाण्डेय थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना ढेबरुआ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के डॉ0 जाकिरहुसैन पब्लिक स्कूल औरहवा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. उ0नि0 सोमनाथ शर्मा
2. म0 आ0 कीर्ति कुमारी

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के A-1 पब्लिक स्कूल की छात्र/छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.09.2026 को विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के A-1 पब्लिक स्कूल की छात्र/छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. उप निरीक्षक राम शब्द यादव

2.कां0  आनंद मौर्या

3.कां0 रवि जयसवाल

4.म0आ0 बरखा रावत

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना खेसरहा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के विकास इंटरमीडिएट कॉलेज बेलौहा बाजार में जनसंवाद/गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन  के आदेश  के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुवेंद्रु सिंह  के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के निर्देशन में संचालित कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19.09.2026 को थाना खेसरहा के विकास इंटरमीडिएट कॉलेज बेलौहा बाजार में जनसंवाद/गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया । आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया । प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकगणों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम**

1. हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश उपाध्याय

2.. हेड कांस्टेबल राहुल कुमार सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**थाना भवानीगंज पुलिस टीम द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग गोष्ठी अभियान के तहत थानाक्षेत्र के A-1 पब्लिक स्कूल भवानीगंज में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक19.09.2026को थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के A-1 पब्लिक स्कूल भवानीगंज,जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य महोदय से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया, प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकगणों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम का विवरण---**

01.आ0 रवि कुमार जायसवाल व आनंद मौर्य

02.म0आ0 बरखा रावत

# प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**कम्युनिटी पुलिसिंग गोष्ठी के तहत थाना मोहाना पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के एलडीपी मेमोरियल सेंट्रल एकेडमी के सेखुईया चौराहा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ0 अभिषेक महाजन  के आदेश  के क्रम में तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्री विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में, *थानाध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह उपस्थिति में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज *दिनांक19.09.2026 को थाना मोहाना के एलडीपी मेमोरियल सेंट्रल एकेडमी के सेखुईया चौराहा थाना मोहाना,जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान कॉलेज में जाकर प्रधानाचार्य महोदय से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बच्चों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकगणो द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की की अपेक्षा की गई। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम का विवरण---**

01.म0का0अंजू वर्मा

02.म0का0काजल अग्रहरि

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**कम्युनिटी पुलिसिंग गोष्ठी के तहत थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अगया खुर्द विकास क्षेत्र बर्डपुर प्रधानाचार्य व बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर महोदय विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष महोदय विनय प्रताप सिंह के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक19.09.2026 को थाना कपिलवस्तु ,जनपद सिद्धार्थनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अगया खुर्द विकास क्षेत्र बर्डपुर,जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया। आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया । प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकगणों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम**

01.आ0 राहुल शर्मा

02.म0आ0 महक पाण्डेय

# प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**थाना त्रिलोकपुर पुलिस टीम द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग गोष्ठी अभियान के तहत थानाक्षेत्र के छेदीलाल इंटर कालेज बिस्कोहर सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना त्रिलोकपुरके निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19.09.2026 को थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के छेदीलाल इंटर कालेज बिस्कोहर सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान कालेज में जाकर प्रधानाचार्य महोदय से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने जाने हेतु यातायात नियमों एवं आदेशों निर्देशों को अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का मोबाइल नंबर प्रदान कराया गया, यातायात नियमों के आदेशों निर्देशों का पालन करने हेतु आवश्यक हिदायत दिया गया।तथा मिशन शक्ति टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मिशन शक्ति व साइबर के संबंध में भी आवश्यक आदेशों निर्देशों के संबंध में अवगत कराते हुए बच्चों को आवश्यक हिदायत दिया गया, प्रधानाचार्य व अध्यापकगणों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर------**

01.उ0 नि0 गणेश कुमार

02.हे0 का0 अमरनाथ यादव

03.आ0 लालबाबू निषाद

04.रि0म0आ0 रुचि

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति फेज 05(द्वितीय चरण) के तहत मिशनशक्ति,बहु–बेटी सम्मेलन कार्यक्रम,नये कानून, गुड टच व बैड टच, नारी सुरक्षा, सम्मान के क्रम थाना मोहाना मिसन शक्ति द्वारा थानाक्षेत्र के हिदायत नगर टोला बेल्टिकर में महिलाओं और बच्चियों को जागरुक किया गया।**

पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19/09/2026*को अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष श्री जितेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत हिदायत नगर टोला बेल्टिकर थाना-मोहाना जनपद सिद्धांर्थनगर में महिलाओं और बच्चियों को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के संबंध मे मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान की जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन1098, चाइल्ड हेल्पलाइन102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.उ0नि0श्री जयमाल

02.मनीष सिंह

03.रि0म0आ0 काजल अग्रहरि

# प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिला मिशन केंद्र व जन चौपाल थाना ख़ेसरहा की टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून ,साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी (सासु- बहु सम्मेलन) अभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी श्री शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रामकृष्ण मिश्र थाना खेसरहा के निर्देशन में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के विकास इण्टर कालेज बेलौहा में बालक व बलिकाए उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए। उपस्थित बालक व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक वविभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112-पुलिस आपातकालीन सेवा👉1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन 👉108-एंबुलेंस सेवा 👉1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन 👉1098-चाइल्ड हेल्पलाइन 👉102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान विकास इंटर कालेज बेलौहा के पास बालिकाओं के आने जाने वाले रास्ते में अनावश्यक रूप से घूम रहे 2 मनचलों/शोहदो को पकड़ कर उनके परिजनों को अवगत कराकर थाने पर लाया गया।तथा दोनों नाबालिग होने के कारण उनके परिजनों को बुलाकर समझाया बुझाया गया व शख्त चेतावनी देते हुए माफीनामा भरवाकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

**महिला मिशन थाना खेसरहा टीम**

01.उ0 नि0 श्री जियाउल्लाह

02.आ0 अरुण कुमार पाण्डेय

03.म0 आ0 अंजली यादव

04.म0 आ0 संगीता

05.म 0आ0 गुंजन सेन

# प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति फेज 5.0( द्वितीय चरण)(बहु बेटी सम्मेलन/गुड व बैड टच)कार्यक्रम के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंडितपुर की महिलाए व बच्चियो को महिला सशक्तिकरण, बहु-बेटी सम्मेलन जागरुकता अभियान व गुड व बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी महोदय सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 19/09/2026 थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना क्षेत्र के ग्राम पंडितपुर की महिलाए व बच्चियाँ जो थाने तक नहीं आ सकती हैं उनको मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सम्मेलन कर जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में नकारी दी गई।

**मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता टीम---**

उ0 नि0 रविन्द्र नाथ यादव

का0रत्नेश यादव

म0आ0 सुषमा वर्मा

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति फेज 5.0( द्वितीय चरण)(बहु बेटी सम्मेलन/गुड व बैड टच) कार्यक्रम के तहत थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र बसडिलीया व राजकीय उद्यान पार्क में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया गया।**

पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नवीन सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र बसडिलीया व राजकीय उद्यान पार्क में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना  रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोषनारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजनामुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0द्वितीय चरण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी  देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 👉1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 👉1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 👉108, एंबुलेंस सेवा 👉1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 👉1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 👉102, स्वास्थ्य सेवा 👉181 वीमेन हेल्पलाइन 👉101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 19.09.2026 को वाद सं0 689/2024 मु0अ0सं0 100/2014 धारा 376A,B भादवि व 5m/6 पाक्सों एक्ट व 3(2)5 SC/ST Act. थाना सिद्धार्थनगर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार माननीय न्यायालय एएसजे/स्पे0/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त इमरान उर्फ कल्लू पुत्र निजामुद्दीन निवासी भीमापार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 376A,B भादवि व 5m/6 पाक्सों एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी दुर्गेश कुमार गुप्ता थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ चौकी बजहा थाना कपिलवस्तु पर थाना कपिलवस्तु की पुलिस बल व सीमा सुरक्षा बल द्वारा “ऑपरेशन कवच” (एण्टीस्मगलिंग ड्राइव टीम रोस्टर) के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन ,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व श्री विश्वजीत सौरयान ,क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के निकट परवेक्षण में चौकी बजहा थाना कपिलवस्तु पर* “ ऑपरेशन कवच” (एण्टीस्मगलिंग ड्राइवटीम रोस्टर) * के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके सुझावों को नोट किया गया। समितियों से अपराध एवं अपराधियों के संबंध में सूचनाएं साझा करने का आग्रह किया गया, ताकि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। चौकी प्रभारी बजहा थाना कपिलवस्तु द्वारा कर्मचारी गण को निर्देशित किया गया कि ग्राम सुरक्षा समिति में अच्छी छवि वाले नए सदस्यों को शामिल किया जाए, ताकि समिति की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि हो । थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस जनता के सहयोग से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। जनता से अपील है कि वे पुलिस के साथ यथा सम्भव सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस स्टेशन या चौकी बजहा को दें। गोष्ठी में चौकी प्रभारी बजहा श्री अनिरुद्ध सिंह,एसएसबी बजहा के उ0 नि0 श्री सुभाष चन्द्र मय टीम, व ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष/सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 19.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त, चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 19.09.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने तथा किसी भी खबर को बिना सत्यापित किये प्रसारित न करने की अपील की गयी।